वित्तीय समावेशन जागरूकता सिरीज	अंक	4 - दिनांक 4 :सितंबर, 2014
	ईकेवाईसी-	

ईकेवाईसी- क्या है?

ईकेवाईसी- सेवा यूआईडीएआई द्वारा प्रदान की जा रही है जो किसी निवासी को, जिनके पास आधार संख्या है, उनकी जनसांख्यिकीय सूचना तथा फोटोग्राफ को यूआईडीएआई सहयोगी संस्था के साथ बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण के रूप में निवासी की सहमति से या किसी एकबारगी पासवर्ड ओटीपी) प्रमाणीकरण)द्वारा ऑनलाइन, सुरक्षित तथा लेखापरीक्षा के योग्य रीति से साझा करने की अनुमति देता है।

खाता खोलने में ईकेवाईसी की क्या भूमिका है-?

भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा दी गई सूचना के अनुसार यूआईडीएआई द्वारा ईकेवाईसी के माध्यम से उपलब्ध - केवा-कराया गया ब्योरा केवाईसी के लिए वैध दस्तावेज है। ईईसी ब्योरे को रिकार्ड के लिए पीडीएफ के रूप में सेव किया जा सकता है या प्रिंट निकाला जा सकता है। यह आय कर अधिनियम, के अनुसार 2000 एक वैध दस्तावेज है।

भारतीय रिज़र्व बैंक, आईआरडीए, पीएफआरडीए तथा सेबी द्वारा यूआईडीएआई की ईकेवाईसी सेवा को वैध - केवाईसी स्वीकार किया गया है।

किसी निवासी द्वारा यह सेवा कैसे प्राप्त की जा सकती है?

हमारा बैंक ईकेवाईसी सेवा के साथ लाइव है। इस सेवा का उपयोग बैंक अधिकारियों या व्यवसाय प्रतिनिधियों - केवाईसी पोर्टल से किया जा सकता है। ऑपरेटर द्वारा ग्राहक की आधार संख्या की प्रविष्टि -द्वारा बैंक के ई ण से ग्राहक की अंगुली कीकी जाएगी तथा फिंगर प्रिंट स्कैनर उपकर छाप ली जाएगी। फिंगर प्रिंट के सफल वैधीकरण के पश्चात यूआईडीएआई सर्वर से फोटोग्राफ के साथ जनसांख्यिकीय ब्योरे प्राप्त होंगे।

एकबारगी पासवर्ड केवाईसी का उपयोग कैसे करें-ओटीपी) के साथ ई)?

यदि ग्राहक का मोबाईल नंबर यूआईडीएआई के पास पंजीकृत है तो ई केवाईसी-का उपयोग एकबारगी पासवर्ड ओटीपी) द्वारा भी किया जा सकता है। ऐसी स्थिति में)पंजीकृत मोबाईल नंबर पर ओटीपी भेजकर प्रमाणीकरण किया जाएगा। ऑपरेटर द्वारा आधार संख्या डालने तथा ओटीपी का चयन करने के बाद यूआईडीएआई सर्वर ग्राहक के मोबाईल पर ओटीपी भेजेगा। सही ओटीपी भेजने तथा यूआईडीएआई सर्वर द्वारा सफल प्रमाणीकरण के बाद यूआईडीएआई सर्वर से फोटोग्राफ के साथ जनसांख्यिकीय ब्योरा प्राप्त किया जा सकेगा।

ग्राहक को ईकेवाईसी से क्या लाभ है-?

यह सेवा पूर्णत लित है तथा बिना किसी मानवीय हस्तक्षेप के रियल टाइम केवाईसी डाटास्वचा :प्राप्त होता है। इससे ग्राहक को लंबी कागजी कार्रवाई की झंझट से छुटकारा मिलता है। ईकेवाईसी से ग्राहक को विभिन्न - दस्तावेज अपने साथ नहीं ले जाने पड़ते हैं क्योंकि केवाईसी के लिए आधार एकमात्र दस्तावेजी प्रमाण के रूप में कार्य करता है।

बैंक को ईकेवाईसी से क्या लाभ है-?

ईकेवाईसी- के उपयोग से खाता खोलने में लगने वाले समय को काफी हद तक कम किया जा सकता है। बैंक के लिए इसकी उपयोगिता निम्नलिखित दो तरह से है:

1. सीबीएस से जुड़े बिना केवाईसी दस्तावेज के रूप में प्रिंट आउट या पीडीएफ का उपयोगयह - तात्कालिक केवाईसी दस्तावेज उपलब्ध कराता है। ग्रामीण क्षेत्रों में केवाईसीदस्तावेज की उपलब्धता, जीरोक्स आदि समस्या है। ईकेवाईसी का उपयोग करके हम जीरोक्स की आवश्यकता आदि को - समाप्त कर सकते हैं।
2. बाद के चरण में जब ई केवाईसी को सीबीएस-के साथ जोड़ा जाएगा तब नाम, पिता का नाम, जन्म तिथि, पता आदि जैसे जनसांख्यिकीय ब्योरे सीधे सीबीएस में प्रविष्ट किए जा सकते हैं जिसके डाटा

इंट्री में लगने वाला समय काफी हद तक कम होगा।